राज्यपाल सचिवालय, बिहार

बिहार लोक भवन, पटना–800022

पत्रांक– BSU(IUT)–58/2026- 2645 /रा०स०(I), दिनांक–29/10/2026

अधिसूचना

राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–2233 दिनांक–26.09.2026 द्वारा डॉ. विकास कुमार, सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र), जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा एवं डॉ. विनय कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र), ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा का पारस्परिक(Mutual) अंतर विश्वविद्यालय स्थानांतरण किया गया था।

2. उक्त अधिसूचना के आलोक में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के पत्रांक–SC/214/26 दिनांक–29.09.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि डॉ. विनय कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक(अर्थशास्त्र) का अनुभव प्रमाण पत्र संदेहास्पद है तथा उसमें त्रुटियाँ परिलक्षित है।

3. उक्त प्रतिवेदन के आलोक में सक्षम प्राधिकार द्वारा समीक्षोपरान्त इस सचिवालय की अधिसूचना संख्या–2233 दिनांक–26.09.2026 को रद्द किया जाता है तथा वर्णित दोनो सहायक प्राध्यापकों को यथास्थिति में बने रहने का आदेश दिया जाता है।

बिहार राज्यपाल–सह–कुलाधिपति के आदेश से

29/10/26

(संजय कुमार)
राज्यपाल के अपर सचिव

ज्ञापांक– BSU(IUT)–58/2026- 2645 /रा०स०(I), दिनांक–29/10/2026

प्रतिलिपिः–कुलपति, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा / ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/ डॉ. विकास कुमार, सहायक प्राध्यापक(अर्थशास्त्र), जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा/ डॉ. विनय कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक(अर्थशास्त्र), ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

29/10/26

राज्यपाल के अपर सचिव

ज्ञापांक– BSU(IUT)–58/2026- 2645 /रा०स०(I), दिनांक–29/10/2026

प्रतिलिपिः–माननीय राज्यपाल के विशेष कार्य पदाधिकारी/ माननीय राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित/ संयुक्त निदेशक, NIC को बिहार लोक भवन के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित / संबंधित पदाधिकारी, विश्वविद्यालय शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/10/26

राज्यपाल के अपर सचिव